# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला - दक्षिण बस्तर, दंतोड़ा (छ.ग.)
## जिला स्वास्थ्य समिति जिला - दक्षिण बस्तर, दंतोड़ा (छ.ग.)

क्रमांक / NHM / भर्ती / 2021 / 5767 दंतेवाड़ा, दिनांक 30/09/2021

## !! वाक-इन-इंटरव्यू सूचना !!

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 – 2022 हेतु जिले की आर.ओ.पी में स्वीकृत पदों तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला– दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ0ग0) के अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों हेतु वाक इन इंटरव्यू विज्ञापन की सूचना प्रकाशित किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ स्वयं, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.) में पदवार निर्धारित दिनांक को उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नही किया जावेगा तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को भी स्वीकार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुष्त वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | शैक्षणिक योग्यता | वाक – इन – इन्टरव्यु दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | SC | OBC | UR | दिव्यांग जन हेतु आरक्षित पद | | |
| 1 | Medical Officer (Male) (RBSK) | 9 | 25000/- | 8 | 0 | 0 | 0 | 1 (ST) | BHMS/BAMS/BUMS Degree, Registration from any GoI Recognised (BHMS/BAMS/BUMS ) Ayush, Homeo, Unani Registraion Board | 21-10-2021 |
| 2 | Psychiatric Nurse | 1 | 31500/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | एम.एस.सी. साइकेट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साइकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव।<br>वांछित – डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ (साइक्रेट्रिक नर्सिंग) को प्राथमिकता दी जावेगी। | 22-10-2021 |
| 3 | Psychiatric Social Worker | 1 | 22000/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1. एम.फिल साईकेट्रिक सोशल वर्क यदि योग्यता न होने की दशा में मास्टर ऑफ सोशल वर्क ( **Specialization in medical and Psychiatry** ) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव<br>2. अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ (साइकेट्रिक सोशल वर्क) को प्राथमिकता दी जावेगी। | 23-10-2021 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Block Manager - Accounts | 2 | 21000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | B.Com (Minimum 55%)+ 1 Year Computer Diploma (PGDCA), Knowlegded Tally | 25-10-2021 |
| 5 | Block Manager - Data | 2 | 21000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1- Graduate (55 %) & PGDCA<br>Or<br>2- B.C.A (55 %) | 26-10-2021 |
| 6 | Accountant - NHM | 1 | 18000/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | B.Com (Minimum 55%)+ 1 Year Computer Diploma (PGDCA), Knowlegded of Tally is Compulsory | 25-10-2021 |
| 7 | Nursing Officer (NHM 40,Community Nurse 01,ICU 02) | **7** | 16500/- | 6 | 0 | 0 | 1 | 0 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & LiveRegistrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 27-10-2021 |
| 8 | Staff Nurse (NRC) | **9** | 16000/- | 6 | 1 | 0 | 1 | 1 (ST) | B.SC. Nursing OR GNM Course Passed & LiveRegistrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 28-10-2021 |
| 9 | Tech Assistant- Audiometric | **1** | 15000/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Diploma in Hearing Language and Speech (DHLS) from RCI Recognized Institute | 29-10-2021 |
| 10 | Tech Assistant- Hearing impaired Children | **1** | 15000/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Diploma in Training Young Deaf and Hearing Handicapped (DTYDHH) from RCI Recognized Institute | 30-10-2021 |
| 11 | Block Supervisor - VBD | 2 | 21000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | B.Sc. (Biology) | 01-11-2021 |
| 12 | Senior Treatment Supervisor (STS) | 1 | 18500/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **Essential -** 1. Bachelor's Degree Or Recognized Sanitary Inspector's Course.<br>2. Certificate in Computer Operation (Minimum 02 Months).<br>3. Permanent Two Wheeler Driving License & should be able to drive two wheeler.<br>**Desirable –** 1.Tuberculosis Health Visitor's recognized Course.<br>2. Govt. recognized Degree/Diploma in Social Work Or Medical Social Work.<br>3. Succesful completion of basic training course (Govt.recognized0for Multi-purpose health workers | 02-11-2021 |
| 13 | Counselor – Blood Bank | 1 | 12000/- | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **Essential Qualification** : Post – Graduate in Social Work/ Sociology/Psychology/Anthropology /Human Development<br>**Desirable** : -Knowladge of Computers<br>- Proficiency in MS Office<br>**Experience** : Minimum Tow Years after essential qualification | 03-11-2021 |

नोट :– उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्ते, आवेदन का प्रारूप एवं वाक इन इंटरव्यू दिनांक का विस्तृत विवरण कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट www.dantewada.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## वाक इन इंटरव्यू दिशा–निर्देश

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पद क्रमांक 01,02,03,06,07,08,09,10,11 हेतु | प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक | संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन |
| | | सायं 04:00 बजे से 04:30 बजे तक | पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति तथा निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन |
| | | सायं 04:30 बजे से | पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची एवं चयन सह प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन |
| 2 | पद क्रमांक 04,05,12,13 हेतु | प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक | संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन |
| | | सायं 04:00 बजे से 04:30 बजे तक | पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति तथा निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन |
| | | सायं 04:30 बजे से 05:00 बजे तक | कौशल / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार |
| | | सायं 05:30 बजे से | पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची एवं चयन सह प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन |

## आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, नियम व शर्ते एवं चयन प्रक्रिया :-

1. विज्ञापन का प्रारूप एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा,छ.ग. के सूचना पटल एवं जिलें की वेबसाइट www.dantewada.gov.in पर उपलब्ध है।
2. संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 द्वारा जारी मानव संसाधन नीति – 2018 के नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगें।
3. संलग्न आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से आवेदक का नाम, पूर्ण पता, आवेदित पद का नाम, पद क्रमांक, वर्ग (UR/ST/SC/OBC/दिव्यांग) पूर्ण रूप से भरा होना आवश्यक है एवं संलग्न दस्तावेजों की संख्या का उल्लेख होना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त के अभाव में आवेदन निरस्त माना जावेगा।
4. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करना होगा।
5. 16500 रूपये या इससे कम एकीकृत वेतनमान वालें पदों हेतु जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा, छ.ग. के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेंगी। उपलब्ध नहीं होने की दशा में अन्य जिलें के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेंगा।

6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत पद जिनका मासिक वेतन 16500/- प्रतिमाह से अधिक हो ऐसे पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त होगें।
7. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगें।
8. विज्ञापित पद कमांक 07 में दर्शित रिक्त 07 नर्सिंग ऑफिसर के पदों के शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन समान होने के कारण उन पदो के विरूद्ध चयनित अभ्यार्थियों में से 01 पद **कम्युनिटी नर्स** तथा 02 पद **नर्सिंग ऑफिसर – आई.सी.यु** के भरे जायेंगे। शेष 04 पद **नर्सिंग ऑफिसर (एन.एच.एम)** के भरे जायेंगे। तीनो पदों हेतु पृथक – पृथक 100 बिंदू रोस्टर लागू होंगे।
9. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी स्तर से जारी प्रमाण पत्र मूलतः लाना होगा।
10. उक्त पदो के लिए आयु 01.01.2021 को 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम 70 वर्ष (चिकित्सकीय पद हेतु) व 64 वर्ष (प्रबंधकीय पद हेतु) से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस आयु में सभी प्रकार की छुट सम्मिलित है। जाति कें संबंध में स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
11. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटों स्वयं के द्वारा सत्यापित या राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कर चिपकाए।
12. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र व पंजीयन प्रमाण पत्र स्वयं के द्वारा सत्यापित या राजपत्रित अधिकारी द्वारा छायाप्रतियॉ अनिवार्यतः संलग्न करें। संलग्न नही पाये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किये जाने का अधिकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला– दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, छ.ग. का होगा।
13. अभ्यर्थी को उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
14. आवश्यकतानुसार चयन प्रकिया, दस्तावेज सत्यापन स्थान की जानकारी, प्रकिया का परिणाम के संबंध में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा, छ.ग. के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा एवं जिलें की वेबसाईट www.dantewada.gov.in में उपलब्ध करायी जावेगी। अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी।
15. सभी नियुक्तियॉ संविदा आधार पर 31/03/2022 तक पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय है। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उपरोक्त अवधि में वृद्धि की जा सकती है।
16. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
17. चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वे अन्य जगहों पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेंगें।
18. उक्त नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा। जिसका निर्णय सर्वमान्य रहेगा।
19. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावें, आवेदन पत्र निर्धारित कम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र, 2. निवास प्रमाण पत्र, 3. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, 4. जाति प्रमाण पत्र, 5. शैक्षणिक योग्यता, 6. अनुभव प्रमाण पत्र, 7. अन्य प्रमाण पत्र)।
20. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेंगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए कि विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर व सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेंगा।
21. आवेदक द्वारा आवेदन में संलग्न किये गये सभी अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी दस्तावेज सत्यापन के समय अनिवार्यतः प्रस्तुत करेगा अन्यथा वह योग्य नही होगा।
22. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या परिवर्तनीय है। प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटायी या बढ़ायी जा सकती है या पदों को निरस्त भी किया जा सकता है।
23. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल है।
24. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा,छ.ग. का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

25. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो। उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
26. उक्त समस्त पदों के लिए प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी। जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने तक जो पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
27. नियुक्ति के पश्चात् भी लिपिकीय त्रुटि पाए जाने पर चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियुक्ति आदेश को निरस्त किये जाने का अधिकार है।
28. योग्य उम्मीदवार नहीं होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञापित कराया जा सकता है।
29. अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना दी जायेगी। साथ ही वरीयता सूची एवं चयन सह प्रतीक्षा सूची आगामी दिवसों में जारी की जावेगी।
30. **आरक्षण** – जिलें में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
31. **अनुभव प्रमाण पत्र** – यह केवल शासकीय संस्थान का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगां। पद सें संबंधित कार्य क्षेत्र का ही अनुभव मान्य होगा।
32. अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेंगा।
33. अनुभव का अंक केवल उन्ही अभ्यर्थियों को प्रदाय किया जावेगा, जो किसी शासकीय संस्था में प्रतिमाह निश्चित वेतन पर कार्यरत है/थे। स्वेच्छा अथवा निशुल्क रूप से कार्य किये अभ्यर्थियों के कार्यावधि का अनुभव का अंक प्रदाय नहीं किया जावेंगा।
34. अनुभव में अंको की गणना एक संस्था में एक पद पर **12 माह पूर्ण होने पर ही** एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंको की गणना नहीं की जावेंगी।
35. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नंहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाए जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेंगी। चयन के पश्चात् भी किसी भी समय किसी पत्र/प्रमाण पत्र या अन्य त्रुटि पाए जाने की अवस्था में नियमानुसार सेवा से पृथक किए जाने की कार्यवाही की जावेंगी।
36. **आवेदन शुल्क :–**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह रू. 25000/– या उससे कम | मानदेय प्रतिमाह रू. 25000/– से अधिक |
|---|---|---|
| दिव्यांग/अजा/अजजा/ महिला | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 रू | 300 रू. |
| अनारक्षित वर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

37. प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा,छ.ग. (District Health Society District South Bastar,Dantewada,C.G) के नाम से जारी डिमांड ड्राफ्ट बनाकर आवेदन पत्र के साथ मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बिना आवेदन शुल्क/डिमांड ड्राफ्ट के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।

38. **चयन प्रकिया एवं मूल दस्तावेज सत्यापन :–** सभी अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी दस्तावेज सत्यापन के समय अनिवार्यतः प्रस्तुत करेगा अन्यथा वह योग्य नही होगा।

39.

➤ **मेरिट एवं अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेंगी :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु मेरिट सूची :– (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक)** | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता** के प्राप्तांकों का प्रतिशत का अंक | **65 प्रतिशत अंक** |
| | | अनुभव अंक (**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए**) (01 वर्ष से कम के अनुभव को मान्यता नहीं दी जावेंगी, तथा अधिकतम 05 वर्ष तक के अनुभव हेतु अंक प्रदान किया जावेगा) | **15 अंक** (प्रतिवर्ष हेतु 03 अंक) |
| | | अनुभव अंक (**अन्य शासकीय संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए**) (01 वर्ष से कम के अनुभव को मान्यता नहीं दी जावेंगी, तथा अधिकतम 05 वर्ष तक के अनुभव हेतु अंक प्रदान किया जावेगा) | **10 अंक** (प्रतिवर्ष हेतु 02 अंक) |
| 2 | **अंतिम चयन सूची हेतु :– (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के अंक)** | कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार | **20 अंक** |

➤ विज्ञापित रिक्त पदों के आधार पर निम्न तालिका में दिए अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन हेतु चयन समिति के निर्णय उपरांत आहूत किया जावेगा :–

| **क्रं.** | **कुल विज्ञापित पदों की संख्या** | **स्कीनिंग/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार लिए जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या/यथा समिति के निर्णय अनुसार** |
|---|---|---|
| 01 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 02 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 03 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

40. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

41. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं किया जावेंगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला– दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा,छ.ग.**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम ..................................................

आवेदित पद कमांक ..................................................

वर्ग (UR/ST/SC/OBC/ दिव्यांग) ..................................................

आवेदन शुल्क का विवरण :–

डी.डी. क्रमांक .................................... भुगतान दिनांक .......................... राशि .....................

| |
|---|
| अभ्यर्थी स्व प्रमाणित या राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित फोटो चस्पा करें। |

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला – दक्षिण बस्तर,दंतेवाड़ा (छ0ग0)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ................................................................................
   (अंग्रेजी में) :– ................................................................................
2. पिता / पति का नाम :– ................................................................................
3. माता का नाम :– ................................................................................
4. जन्म तिथि, (अंको में) :– ................................................................................
   (शब्दों में) :– ................................................................................
5. 01.01.2021 की स्थिति में आयु :– वर्ष..........................माह.......................दिन............
   (प्रमाण पत्र / अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें)
6. लिंग – (महिला / पुरूष) :– ................................................................................
7. छ0ग0 का स्थायी निवासी है–हॉ / नहीं :– ................................................................................
   निवासी जिला :– ................................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– ................................................................................
   ................................................................................
   ................................................................................
9. स्थायी निवास का पता :– ................................................................................
   ................................................................................
   ................................................................................
   ................................................................................
10. क्या आवेदक आयु सीमा में छुट चाहते है, यदि हां तो किस श्रेणी में उल्लेख करें :– ....................................
11. क्या आवेदक विवाहित है ? (यदि हां तो प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ................................................
12. जीवित बच्चों की संख्या एवं अंतिम बच्चों की जन्म तिथि :– ................................................................

13. **शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता** (स्व सत्यापित या राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | कुल पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | |
| 6. | | | | | | | |
| 7. | | | | | | | |

14. **कार्यानुभव** (स्व सत्यापित या राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्रं. | पद का नाम | संस्था का नाम | कार्य अवधि दिनांक (कब से कब तक) | कुल कार्य अवधि वर्ष / माह में | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |

15. क्या आप शासकीय संस्था में कार्यरत है– हॉ / नहीं
(यदिं हॉ तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

16. संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ........................................ 2. ........................................
3. ........................................ 4. ........................................
5. ........................................ 6. ........................................
7. ........................................ 8. ........................................
9. ........................................ 10. ........................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूॅ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगीं तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगें। इस संबंध में कोई जानकारी गलत पाये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के मेरी सेवाएॅ तत्काल समाप्त की जा सकती है।

स्थान : ........................................
दिनांक : ........................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

नाम :– ........................................
पूर्ण पता :– ........................................
........................................
........................................
मोबाईल नं.:– ........................................
ई – मेल :– ........................................